<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>प्रशासनिक भवन की टीम को स्टाफ एथलेटिक मीट की ओवरऑल चैम्पियनशिप</u>

विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित 26वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक संख्या में खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने तथा सबसे अधिक पुरस्कार पाने पर प्रशासनिक भवन की टीम ने ओवरऑल चैम्पियन पर कब्जा किया। कुलपति सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना ने ओवरऑल चैम्पियन ट्राफी कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान को प्रदान की, जबकि सबसे अधिक प्रतिभाग करने पर विश्वविद्यालय की नियंत्रक आभा गर्खाल को कुलपति द्वारा ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कार्मिकों में खेलकूद के प्रति रूचि बढ़ाने के साथ–साथ स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन अवसर होता है। इस अवसर पर कुलसचिव डा. दीपा विनय, अपर निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण डा. विवेकानंद, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा जी.एस. बोहरा, भाष्कर तिवारी, स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य व प्रशासनिक भवन के सभी प्रतिभागी मौजूद रहे।

प्रशासनिक भवन की टीम को ट्राफी प्रदान करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार